## ...ालय उपखण्ड अधिकारी, नैनवॉ जिला बून्दी(राज0)

...ना–पत्र संख्या :–191 / 2020 दायर दिनांकः 13.12.2021

...CMS NO:- 2021/360

पीठासीन अधिकारीः– शत्रुघ्न सिंह गुर्जर

1. धापूबाई आयु 52 वर्ष पत्नी श्री फोरूलाल जाति मीणा निवासी लुहारपुरा तहसील नैनवां जिला बून्दी राजस्थान मोबाईल नं0 7877840898

–प्रार्थी–

बनाम

1. नन्दकंवर आयु 58 वर्ष पत्नी श्री कालूलाल जाति मीणा निवासी लुहारपुरा तहसील नैनवां जिला बून्दी राजस्थान
2. नूरा बाई आयु 58 वर्ष पत्नी श्री मिश्रीलाल जाति मीणा निवासी लुहारपुरा तहसील नैनवां जिला बून्दी राजस्थान
3. हजारीबाई आयु 56 वर्ष पत्नी गोपाल जाति मीणा निवासी लुहारपुरा तहसील नैनवां जिला बून्दी राजस्थान
4. भूमिधारी राजस्थान राज्य द्वारा श्रीमान् तहसीलदार साहब, नैनवां तहसील नैनवां जिला बून्दी

–अप्रार्थीगण–

**प्रार्थना पत्रः– वास्ते रास्ता चाहने बावत**
**अंतर्गत धारा 251(क) आर0टी0 एक्ट**

**उपस्थितिः–**

**प्रार्थी की ओर से वकील श्री राजेन्द्र सिंह सोलंकी।**

**निर्णय दिनांक 28.11.2022**

संक्षेप में प्रार्थना पत्र का कथन इस प्रकार है कि ग्राम लुहारपुरा पटवार मण्डल मोतीपुरा तहसील नैनवां जिला बून्दी राजस्थान की जमावन्दी सम्वत् 2076 से 2079 के खाता संख्या नया 23 पुराना 24 के अनुसार खसरा संख्या 309 रकबा 0.0971 हेक्टेयर, खसरा संख्या 310 रकबा 0.1214 हेक्टेयर, खसरा संख्या 311 रकबा 0.0728 हेक्टेयर, खसरा संख्या 312 रकबा 0.0890 हेक्टेयर, खसरा संख्या 313 रकबा 0.1294 हेक्टेयर, खसरा संख्या 314 रकबा 0.1375 हेक्टेयर, खसरा संख्या 315 रकबा 0.1618 हेक्टेयर, खसरा संख्या 316 रकबा 0.0971 हेक्टेयर, खसरा संख्या 317 रकबा 0.0971 हेक्टेयर कुल किता 9 कुल रकबा 1.0032 हेक्टेयर भूमि स्थित है। यह कि ग्राम लुहारपुरा पटवार मण्डल मोतीपुरा तहसील नैनवां जिला बून्दी राजस्थान की जमाबन्दी सम्वत् 2076 से 2079 के खाता संख्या नया 26 पुराना 27 के अनुसार खसरा संख्या 302 रकबा 0.0162 हेक्टेयर, खसरा संख्या 303 रकबा 0.2589 हेक्टेयर खसरा संख्या 304 रकबा 0.1052 हेक्टेयर, खसरा संख्या 305 रकबा 0.2265 कुल किता 4 रकबा 0.6068 हेक्टेयर भूमि स्थित है। यह कि प्रार्थना पत्र की चरण संख्या 1 में वर्णित भूमि प्रार्थिया के संयुक्त खातेदारी अधिकार एवं आधिपत्य कब्जे काश्त की भूमि है तथा वर्तमान समय बुवाई का है तथा उक्त भूमि पर जाने का एक मात्र रास्ता पौराणिक बावड़ी पर आने वाले सार्वजनिक रास्ते के बाद प्रार्थना पत्र की चरण संख्या 2 में वर्णित खसरा संख्या, 302, 303, 304, 305 होता हुआ प्रार्थिया के खातेदारी अधिकारी की भूमि में पहुंचता है उक्त रास्ता ही प्रार्थिया की भूमि पर जाने का रास्ता है जिसका उपयोग उपभोग प्रार्थिया पुश्तैनी रूप में करती चली आ रही है जिसको अप्रार्थीगण ताकत के बल पर बन्द करना चाहते हैं। अगर अप्रार्थीगण के प्रार्थिया के खेत पर जाने के उक्त रास्ते को बन्द कर दिया है जिससे प्रार्थिया की भूमि पड़त रहने की पूरी संभावना पैदा हो गई है जिससे प्रार्थिया को भारी आर्थिक नुकसार की संभावना बन गई है। प्रार्थिया के ख... ...ते को नक्शा परिशिष्ट ''अ'' में लाल स्याही से क ख मार्क के रूप में दर्शाया है, ...त्र का अभिन्न अंग है। यह है कि अप्रार्थीगण ने प्रार्थिया के नक्शा परि... ...ये ''क ख'' मार्क रास्ते को जबरन ताकत के बल पर बन्द कर दिया जिसका उ... प्रार्थिया ने अप्रार्थीगण को दिया तो अप्रार्थीगण लड़ाई झगड़े पर आमादा हो गए और कहने लगे कि यहां तुम्हारा कोई रास्ता ... हम तुम्हें उक्त रास्ते से नहीं निकलने देंगे। मौके पर रास्ता ... हुआ है। यही प्रार्थना प... ...रण है। यह कि प्रार्थिया के पुश्तैनी रास्ते को बन्द करने का अप्रार्थीगण को किसी प्रकार का कोई हक अधिकार प्राप्त नहीं है साथ ही प्रार्थिया की उक्त भूमि पर जाने का उक्त रास्ते के अलावा अन्य कोई रास्ता मौजूद नहीं है। यह कि प्रार्थिया को अधिकार प्राप्त है कि वह प्रार्थना पत्र की चरण संख्या 2 में वर्णित भूमि में होकर निकले हुये 20 फीट चौड़ा रास्ता उत्तर से दक्षिण सम्पूर्ण लम्बाई को जिसे नक्शा परिशिष्ट ''अ'' में लाल स्याही से क ख मार्क से दर्शाया गया है को रास्ता घोषित

Signature Not Verified
Digitally signed by Shatrughan Singh Gurjar
Date: 2023.06.19 18:11:22 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी नैनवां (बून्दी)

...एवं उक्त रास्ते का अंकन राजस्व नक्शे व समस्त राजस्व रिकार्ड में दर्ज किया जाकर ...र्थिया को रास्ता दिलवाया जावे साथ ही अप्रार्थीगण को पाबन्द फरमाया जावे कि वे ...को मिलने वाले रास्ते में किसी प्रकार से अवरूद्ध नहीं करें प्रार्थिया के आवागमन में किसी ...की बाधा न तो स्वयं उपस्थित करे ऐसा कार्य किसी अन्य से करावे। यह कि प्रार्थिया को ...लने वाले उक्त रास्ते में आने वाली भूमि के खातेदारान को नियमानुसार कीमत अदा करने को तैयार है। प्रार्थना पत्र के समर्थन में प्रार्थीगण ने नकल जमाबंदी एवं नकल नक्शा ट्रेस आदि प्रस्तुत किये।

रास्ता दिये जाने के सम्बन्ध में तहसीलदार नैनवां से रिपोर्ट प्राप्त की गई। जिसके मुताबिक प्रार्थीया द्वारा चाहा गया रास्ता निम्नानुसार दिया जाना उचित होगा जो नजरी नक्शा में प्रस्तावित किया गया। उक्त रास्ते के अलावा मौके पर अन्य कोई वैकल्पिक रास्ता नहीं है।

| ख0न0 | लम्बाई | चौड़ाई | कुल |
|---|---|---|---|
| 303 | 5 | 3 | 15 वर्ग गट्ठा |
| 302 | 6 | 3 | 18 वर्ग गट्ठा |
| 304 | 16 | 3 | 48 वर्ग गट्ठा |
| 305 | 21 | 3 | 63 वर्ग गट्ठा |

कुल किता 4 कुल रकबा 144 वर्ग गट्ठा

हमने प्रार्थना–पत्र, शपथ–पत्र व प्रस्तुत साक्ष्य रिकॉर्ड जमाबन्दी व रास्ते के सम्बंध में तहसीलदार द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट का अवलोकन किया । प्रार्थी को प्रार्थना–पत्र में अंकित भूमि पर आने जाने हेतु रास्ते की आवश्यकता है। प्रार्थी ने रास्ते का प्रतिकर अदा करने हेतु भी प्रार्थना–पत्र में निवेदन किया है। बहस प्रार्थना पत्र सुनी गई। प्रार्थना–पत्र स्वीकार किया जाता है। ग्राम लुहारपुरा पटवार मण्डल मोतीपुरा तहसील नैनवां जिला बून्दी राजस्थान की जमाबन्दी सम्वत् 2076 से 2079 के खाता संख्या नया 23 पुराना 24 के अनुसार खसरा संख्या 309 रकबा 0.0971 हेक्टेयर, खसरा संख्या 310 रकबा 0.1214 हेक्टेयर, खसरा संख्या 311 रकबा 0.0728 हेक्टेयर, खसरा संख्या 312 रकबा 0.0890 हेक्टेयर, खसरा संख्या 313 रकबा 0.1294 हेक्टेयर, खसरा संख्या 314 रकबा 0.1375 हेक्टेयर, खसरा संख्या 315 रकबा 0.1618 हेक्टेयर, खसरा संख्या 316 रकबा 0.0971 हेक्टेयर, खसरा संख्या 317 रकबा 0.0971 हेक्टेयर कुल किता 9 कुल रकबा 1.0032 हेक्टेयर भूमि पर आने जाने हेतु निम्नानुसार रास्ता दिये जाने के आदेश दिये जाते है–

| ख0न0 | लम्बाई | चौड़ाई | कुल |
|---|---|---|---|
| 303 | 5 | 3 | 15 वर्ग गट्ठा |
| 302 | 6 | 3 | 18 वर्ग गट्ठा |
| 304 | 16 | 3 | 48 वर्ग गट्ठा |
| 305 | 21 | 3 | 63 वर्ग गट्ठा |

कुल किता 4 कुल रकबा 144 वर्ग गट्ठा

उक्त रास्ता नक्शा ट्रेश, जिसे परिशिष्ट–"क" नाम दिया गया है, जो इस न्यायालय निर्णय का अंग होगा, के अनुसार रास्ता राजस्व रिकॉर्ड में नियमानुसार प्रतिकर राजकोष में जमा होने के उपरांत दर्ज किये जाने के आदेश दिये जाते है। तहसीलदार नैंनवां को आदेशित किया जाता है कि मौके पर प्रार्थी का रास्ता बहाल करें।

निर्णय आज दिनांक 28.11.2022 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर हस्ताक्षर कर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी
नैनवां (बून्दी)

उपखण्ड अधिकारी नैनवां (बूंदी)

Signature Not Verified
Digitally signed by Shatrughan Singh Gurjar
Date: 2023.06.19 13:11:22 IST
Reason: SelfAttested

गा ३ल गाव = लुधरपुरा त० नैनवा जिला - बूंदी

कार्यालय उपखण्ड अधिकारी, नैनवाँ जिला बूंदी ( राज. )


परिशिष्ट - "क" 19/12/22

1961-62

खसरा नं = 2016

दिनांक 19/12/22

/2022 661




प्रति :-

तहसीलदार

नैनवाँ

2022 मनि. बापूबाई VLS न. इकेवर

बउनवान

विषय :- वाद पत्र / प्रार्थना पत्र

निर्णय दिनांक 28/11/22

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि वाद पत्र / प्रार्थना पत्र के निर्णयानुसार पत्र के साथ प्राथमिक / अन्तिम डिक्री / निर्णय की प्रति वास्ते पालना हेतु भिजवायी जा रही है । पालना अन्दर 7 योम के की जाकर रिपोर्ट से अवगत करावे ।

संलग्न :- निर्णय

02/08/22

राजकार्य हेतु नि:शुल्क जारी

पटवारी
पटवार मण्डल
नैनवाँ जिला बून्दी (राज.)

पटवारी मोतीपुर,

उपखण्ड अधिकारी
नैनवां

उपखण्ड अधिकारी
नैनवा (बून्दी)

उपखण्ड अधिकारी नैनवाँ (बून्दी)

Signature Not Verified

Digitally signed by Shatrughan Singh Gurjar
Date: 2023.06.19 13:11:22 IST
Reason: SelfAttested

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, नैनवाँ जिला बून्दी ( राज. )

क्रमांक - रीडर/2022/ 661

दिनांक 19/12/22

प्रेषिति :-

तहसीलदार
नैनवाँ

विषय :-वाद पत्र संख्या 191/प्रा०पत्र/2021 बउनवान धापूबाई vs नन्दकंवर
निर्णय दिनांक 28/11/22

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि वाद पत्र / प्रार्थना पत्र के निर्णयानुसार पत्र के साथ ~~प्राथमिक~~ / ~~अन्तिम डिक्री~~ / निर्णय की प्रति वास्ते पालना हेतु भिजवायी जा रही है । पालना अन्दर 7 योम के की जाकर रिपोर्ट से अवगत करावे ।

संलग्नः- निर्णय

उपखण्ड अधिकारी
नैनवाँ

Signature Not Verified

Digitally signed by Shatrughan Singh Gurjar
Date: 2023.06.19 13:11:22 IST
Reason: SelfAttested